**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2204**
**उत्तर देने की तारीख 12 मार्च, 2025**

**बीएसएनएल और एमटीएनएल की आस्तियों का मुद्रीकरण**

**2204. श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटीलः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि बीएसएनएल और एमटीएनएल के पास महत्वपूर्ण अवसंरचना होने के बावजूद उन्होंने अपनी आस्तियों के केवल एक छोटे से हिस्से का ही मुद्रीकरण किया है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2019 से आस्तियों के मुद्रीकरण की प्रगति का ब्यौरा क्या है और विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या आस्तियों के मुद्रीकरण में विलंब ने बीएसएनएल और एमटीएनएल की पूंजीगत व्यय और ऋण शोधन सहित वित्तीय स्थिति को प्रभावित किया है;

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा किए गए मूल्यांकन का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा आस्तियों के मुद्रीकरण में तेजी लाने और बीएसएनएल तथा एमटीएनएल की वित्तीय वसूली में सुधार लाने के लिए कौन-कौन से विशिष्ट कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) बीएसएनएल और एमटीएनएल केवल उन्हीं भूमि और भवन परिसम्पत्तियों का मुद्रीकरण कर रहे हैं जिनकी निकट भविष्य में उनके स्वयं के उपयोग की आवश्यकता नहीं है और जिनके स्वामित्व को हस्तांतरित करने का अधिकार उनके पास है।

(ख) वर्ष 2019 के बाद से परिसम्पत्तियों के मुद्रीकरण से होने वाली आय इस प्रकार है-

**i ) <u>नॉन-कोर परिसम्पत्तियाँ (भूमि और भवन)</u>**

बीएसएनएल ने 2,387.82 करोड़ रुपये (जनवरी 2025 तक) अर्जित किये हैं।
एमटीएनएल ने 2,134.61 करोड़ रुपये (जनवरी 2025 तक) अर्जित किये हैं।

ii) **<u>कोर परिसम्पत्तियाँ (टावर और फाइबर)</u>**

बीएसएनएल ने 8,204.18 करोड़ रुपये (जनवरी 2025 तक) अर्जित किये हैं।
एमटीएनएल ने 258.25 करोड़ रुपये (जनवरी 2025 तक) अर्जित किये हैं।

(ग), (घ) और (ङ) परिसम्पत्तियों का मुद्रीकरण सरकार की अनुमोदित नीति के अनुसार किया जा रहा है तथा पीएसयू पर इसके प्रभाव की गहन निगरानी की जा रही है।

*****